# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 06.06.2025

### युवती के ऊपर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाला 01 वांछित अभियुक्त को थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 कारतूस व 02 खोखा कारतूस .32 बोर एवं 01 मोटरसाइकिल बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-250/2025 धारा-352/115(2)/109 भा0न्या0सं0 व 3(2)(v) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व0 पवन कुमार गुप्ता निवासी बाबूगंज थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थाना नवाबगंज व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.06.2025 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कानपुर-वाराणसी नेशनल हॉईवे स्थित रानीगंज मार्केट तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 कारतूस व 02 खोखा कारतूस .32 बोर एवं 01 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-03.06.2025 को वादिनी मीना सरोज पुत्री स्व0 नन्दलाल सरोज निवासिनी शिव लाल का पूरा मलाक बलऊ थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा पोस्ट ऑफिस से अपने घर जाते समय थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम विछिया के पास अभियुक्त प्रदीप गुप्ता उपरोक्त द्वारा वादिनी मीना सरोज उपरोक्त पर गाली गलौज करते हुए तमंचे से फायर किया गया था, जिसमें गोली मीना

सरोज उपरोक्त के हाथ को छूकर निकल गयी थी, जिसके सम्बंध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-250/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

## पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मै व मीना सरोज पूर्व से परिचित थे तथा हम दोनों आपस में बात-चीत करते थे। मैं मीना सरोज से शादी करना चाहता था लेकिन मीना सरोज पुराने रिश्ते को भूलकर अपनी शादी किसी दूसरी जगह करना चाह रही थी। मेरे द्वारा मीना सरोज को दूसरी जगह शादी करने से मना किया गया तो उसनें मुझे झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी दी थी, जिससे नाराज होकर मैनें जान से मारने की नियत से मीना सरोज उपरोक्त के ऊपर गोली चलायी गयी थी।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व0 पवन कुमार गुप्ता निवासी बाबूगंज थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 28 वर्ष।

## सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-250/2025 धारा-352/115(2)/109 भा0न्या0सं0 व 3(2)(v) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट व बढ़ोत्तरी धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## बरामदगी का विवरण-

* 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 कारतूस व 02 खोखा कारतूस .32 बोर।
* 01 मोटरसाइकिल हीरो स्पलेन्डर वाहन सं0-UP70 FZ 9190

## गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सुखचैन तिवारी, प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सुनील कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी मंसूराबाद थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 मारुतिनन्दन तिवारी, चौकी प्रभारी आनापुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 बृजभान गौड, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. उ0नि0 राहुल कुमार, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

6. हे0का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. हे0का0 रविन्द्र यादव, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. हे0का0 अनुग्रह वर्मा, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. हे0का0 बृजेश सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
10. का0 विशाल सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
11. का0 समीर प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
12. का0 पियूष पंकज चौहान, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
13. का0 राहुल यादव, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
14. का0 साहब सिंह, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से आलाकत्ल 01 चाकू बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-253/2025 धारा-103(1)/352 भा0न्या0सं0 व 4/25 आयुध अधिनियम से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. सुरेश कुमार हरिजन पुत्र स्व0 पुनई लाल निवासी बंशीयारा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ 2. आर्यन पुत्र सुरेश कुमार हरिजन निवासी बंशीयारा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.06.2025 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत लालगोपालगंज स्थित किलहना रोड के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त सुरेश कुमार हरिजन उपरोक्त के निशांदेही पर आलाकत्ल 01 चाकू बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-04.06.2025 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निन्दूरा में उपरोक्त अभियुक्तों 1. सुरेश पुत्र पुनई व 2. आर्यन पुत्र सुरेश निवासीगण बांसियारा थाना बाघराय प्रतापगढ़ द्वारा पैसे के लेन-देन को लेकर अमन हरिजन पुत्र स्व0 केशव लाल निवासी निन्दुरा हरिजन बस्ती थाना

नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 28 वर्ष को गाली-गलौज करते हुए चाकू मारा गया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-253/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक अमन हरिजन व उसकी मां वभनपुर थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ में ईंट भट्टे पर ईंट पाथने का कार्य करते थे। अमन हरिजन (मृतक) व उसके परिवारजनों द्वारा उसी ईंट भट्टे पर ईंट पथवाने का कार्य करा रहे ठेकेदार सुरेश कुमार हरिजन उपरोक्त से 65,000 रूपये ईट पथाई के काम के एवज में एडवांस लिया गया था। ईंट पथाई के उपरान्त 12,000 रूपया शेष बचा था। सुरेश कुमार हरिजन उपरोक्त द्वारा अमन व उसके घर वालों से कई बार बकाया पैसा मांगा गया, जिसको लेकर दोनों पक्षों के मध्य पूर्व में भी कहा-सुनी व वाद-विवाद हुआ था। दिनांक-04.06.2025 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निन्दूरा में इन्द्रपाल (मृतक अमन का पड़ोसी व सुरेश कुमार हरिजन का साढ़ू) की लड़की की शादी में मृतक अमन हरिजन व सुरेश कुमार हरिजन उपरोक्त में बकाया 12,000 रूपये को लेकर आपस में लड़ाई झगड़ा होने लगा, जिसमें सुरेश कुमार हरिजन उपरोक्त के सिर पर चोटे आई व खून बहने लगा जिसको देखकर सुरेश का लड़का आर्यन उपरोक्त भी मौके पर आ गया। गुस्से मे आकर आर्यन ने अमन (मृतक) को पकड़ लिया व सुरेश ने अपने पास रखे चाकू से अमन (मृतक) के ऊपर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. सुरेश कुमार हरिजन पुत्र स्व0 पुनई लाल निवासी बंशीयारा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 42 वर्ष।
2. आर्यन पुत्र सुरेश कुमार हरिजन निवासी बंशीयारा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 20 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-253/2025 धारा-103(1)/352 भा0न्या0सं0 व 4/25 आयुध अधिनियम थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

आलाकत्ल 01 चाकू।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 राघवेन्द्र सिंह, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 उमाशंकर, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 आलोक कुमार यादव, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज
4. उ0नि0 अम्बुज कुमार, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज
5. उ0नि0 अतुल वर्मा, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 रवि कुमार चौधरी, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।